Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 20-12-2004

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title: Need to construct a reservoir in the upper reaches of Chandan river in Banka area of Bihar.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बिहार के बांका क्षेत्र में हर साल बाढ़ का खतरा बना रहता है, जिससे गांव के गांव डूब जाते हैं और कई लोगों की मौत हो जाती है। मवेशी मारे जाते हैं और किसानों के खेतों में पानी भर जाता है। यह सिलसिला हर साल चलता है। बाढ़ का मुख्य कारण चंदन नदी से पानी छोड़ने के कारण होता है और इसका तटबंध बहुत ही कमजोर है। अगर सरकार की ओर से अपर जलाशय बना दिया जाये तो निःसंदेह इस बाढ़ को रोका जा सकता है। लाखों लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अपर जलाशय बनने के साथ केन्द्र स्तर पर अन्य उपाय करने होंगे, जिससे बाढ़ पर नियंत्रण किया जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बांका में चंदन नदी पर एक अपर जलाशय बना दिया जाये और बाढ़ नियंत्रण हेतु केन्द्र स्तर पर प्रयास किये जाने चाहिए।